भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 4467

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 08 अगस्त, 2014/17 श्रावण, 1936 (शक) को दिया गया)

<u>गूगल के विरूद्ध जांच</u>

4467. श्री दुष्यंत चौटाला :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 'गूगल' कंपनी के विरूद्ध कोई जांच शुरू की है;

(ख) यदि हां,तो उक्त जांच शुरू करने का आधार क्या है;

(ग) इस जांच के निष्कर्ष क्या हैं; और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)

(क) से (ग) : भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल द्वारा प्रभुत्व के कथित दुरुपयोग की सूचना मिलने पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के महनिदेशक को मामले की जांच करने का निदेश दिया है। इस मामले में जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) : प्रश्न नहीं उठता।

*****